भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 997**

05 दिसम्बर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष संबंधी योजनाओं का कार्यान्वयन**

997. श्री कुंदुरु रघुवीर:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में कार्यान्वित की जा रही केन्द्र प्रायोजित आयुष योजना का ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) योग और प्राकृतिक चिकित्सा (वाईएनपीपी) को प्रोत्साहन देने वाले कार्यक्रमों और आयुष ग्रिड डिजिटल प्लेटफार्म (एजीडीपी) के अंतर्गत योजना-वार कौन-कौन सी प्रमुख पहलें की गई हैं;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना राज्य में कार्यान्वित की गई आयुष योजनाओं का ब्यौरा क्या है और इस राज्य में केन्द्रीय सहायता से स्थापित अथवा उन्नत किए गए आयुष अस्पतालों, औषधालयों और आरोग्य केन्द्रों की संख्या कितनी है;

(घ) वर्ष 2020-21 से 2024-25 के दौरान विभिन्न आयुष घटकों के अंतर्गत तेलंगाना में वर्ष-वार कुल कितनी निधि अनुमोदित, जारी और व्यय की गई है;

(ङ) क्या तेलंगाना के लिए किसी आयुष चिकित्सा महाविद्यालय या अनुसंधान संस्थान को संस्वीकृति प्रदान की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और टेलीचिकित्सा पहलों के साथ एकीकरण के माध्यम से ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में आयुष कवरेज का विस्तार करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): आयुष मंत्रालय देश में आयुष पद्धति के समग्र विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना कार्यान्वित कर रहा है और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। यह मिशन अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित गतिविधियों के लिए प्रावधान करता है:

(i) आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का संचालनजिसे , अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) नाम दिया गया है।

(ii) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों स)ीएचसीऔर जिला ( स्था-में आयुर्वेद सहित आयुष सुविधाओं का सह (डीएच) अस्पतालोंपन।

(iii) मौजूदा एकल सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन।

(iv) मौजूदा सरकारी मौजूदा आयुष/सरकारी सहायता प्राप्त आयुष औषधालयों का उन्नयन/पंचायत/ औषधालय (शीर्ण आवास-जीर्ण/किराए पर) के लिए भवन का निर्माणनए आयुष औषधालय की / स्थापना के लिए भवन का निर्माण।

(v) 10/30/ बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना। 50

(vi) सरकारी आयुष अस्पतालों, सरकारी औषधालयों और सरकारीसरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण / संस्थागत आयुष अस्पतालों को आवश्यक दवाओं की आपूर्ति।

(vii) आयुष सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम।

(viii) उन राज्यों में आयुर्वेद सहित नए आयुष कॉलेजों की स्थापना जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है।

(ix) आयुर्वेद सहित आयुष स्नातक संस्थानों और आयुष स्नातकोत्तर संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास मेडिकल पाठ्यक्रमों-पैरा/फार्मेसी/पीजी/को शामिल करना।

(ख): एनएएम के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से एसएएपी के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, देश के विभिन्न हिस्सों में 12500 आयुष औषधालयों/उप-स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) [एएएम (आयुष)] के रूप में उन्नत करने के लिए अनुमोदित किया गया है और जैसा कि राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट किया गया है, सभी एएएम (आयुष) कार्यशील हैं और योग सहित विभिन्न आयुष उपचारों के माध्यम से समुदाय को समग्र स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 10/30/50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों (आईएएच) की स्थापना के लिए समर्थन दिया जा रहा है, जिनमें योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा गतिविधियों की सुविधा भी उपलब्ध है। एनएएम के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, देश के विभिन्न हिस्सों में आईएएच की 203 इकाइयों को अनुमोदित किया गया है।

आयुष ग्रिड डिजिटल प्लेटफॉर्म के तहत, विभिन्न आयुष स्वास्थ्य सुविधाओं में रोगी की नैदानिक जानकारी को डिजिटल रूप से रिकॉर्ड करने और प्रबंधित करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए आयुष अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (ए-एचएमआईएस) के साथ-साथ नवीनतम प्रौद्योगिकी में उन्नयन के लिए राष्ट्रीय आयुष मिशन पोर्टल के पहले संस्करण को दुरुस्त करने की शुरूआत की गई है।

(ग) और (घ): एनएएम के तहत, तेलंगाना राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, 50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पताल की 3 इकाइयों की स्थापना हेतु अनुमोदित किया गया है और आयुष औषधालयों की 421 इकाइयों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के रूप में उन्नत किया गया है। वर्ष 2020-21 से 2024-25 के दौरान तेलंगाना में अनुमोदित/जारी और खर्च की गई निधियों की वर्ष-वार स्थिति **संलग्नक** पर दी गई है।

(ङ): एनएएम के तहत, तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा एसएएपीएस के माध्यम से नए आयुष शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अलावा, अनुसंधान संस्थान का समर्थन करने का कोई प्रावधान नहीं है।

(च): ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों सहित देश में चिकित्सा और कल्याण की पारंपरिक पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं के सह-स्थापन की एकीकृत कार्यनीति अपनाई है, इस प्रकार एक ही स्थान पर विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के लिए रोगियों को विकल्प चुनने में सक्षम बनाया गया है। दिनांक 31 मार्च, 2025 तक ब्लॉक स्तर पर या उससे ऊपर परंतु जिला स्तर से नीचे, सीएचसी के अलावा 482 डीएच, 3,103 सीएचसी, 241 स्वास्थ्य सुविधाओं, उप-केंद्र (एससी) के ऊपर लेकिन ब्लॉक स्तर से नीचे 6,158 पीएचसी और 3,109 स्वास्थ्य सुविधाओं पर आयुष सेवाओं को आवंटित किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश भर में सभी कार्यशील एएएम में उपलब्ध टेली-परामर्श सेवाएं, लोगों को वास्तविक पहुंच, सेवा प्रदाताओं की कमी और देखभाल की निरंतरता समस्याओं का समाधान करते हुए अपने घरों के करीब विशेषज्ञ सेवाओं तक पहुंचने में सक्षम बनाती हैं।

****

**संलग्नक**

**वर्ष 2020-21 से 2024-25 के दौरान तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा आवंटित/जारी और उपयोग की गई निधियों की वर्ष-वार स्थिति**

| | | **लाख रु. में** |
|---|---|---|
| **वित्तीय वर्ष** | **आवंटित/जारी** | **उपयोग किया गया** |
| 2020-21 | 0 | 0 |
| 2021-22 | 3132.252 | 3132.252 |
| 2022-23 | 0 | 0 |
| 2023-24 | 1225.167 | 1225.167 |
| 2024-25 | 2491.38 | 2338.682 |
| **कुल** | **6848.799** | **6696.101** |